सं.ई-11021/1/2021-हिन्दी (भाग-2)/414-494

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
हिन्दी अनुभाग

श्रम शक्ति भवन,
नई दिल्ली
दिनांक 08.09.2021

परिपत्र

सबको विदित है कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निदेशानुसार इस वर्ष हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में राजभाषा प्रतिज्ञा ली जाएगी। यह प्रतिज्ञा सचिव महोदय द्वारा 14 सितंबर, 2021 को प्रातः 11:00 बजे, सम्मेलन कक्ष में दिलवाई जाएगी।

अतः जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि सभी इसमें शामिल हों ताकि हम संविधान द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन कर सकें। प्रतिज्ञा की प्रति सम्मेलन कक्ष में उपलब्ध करा दी जाएगी।

(विजय सिंह मीना),
निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
के सभी अधिकारी

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(सदैव ऊर्जावान ; निरंतर प्रयासरत)

राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे| हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे|

जय राजभाषा ! जय हिंद !

--